# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः परीक्षा-2/गोप0/2025/ 2541 दिनांकः 10.03.2025

**// अत्यावश्यक //**

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
शासकीय अग्रणी महाविद्यालय,
जिला-ग्वालियर, मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, श्योपुर एवं दतिया
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर

**विषय :- स्नातक - वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल, 2025 के सफल संचालन एवं नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु आपके अधीनस्थ जिले के परीक्षा केन्द्रों के सतत् निरीक्षण हेतु एक उड़नदस्ता दल के गठन किए जाने बावत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्नातक - वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल, 2025, मार्च 2025 के अंतिम सप्ताह से प्रारम्भ होने जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले के अधीनस्थ महाविद्यालयों की परीक्षाओं में नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने एवं परीक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु परीक्षा केन्द्रों का सतत् निरीक्षण किया जाना है।

अतः आपको यह निर्देशित किया जाता है कि आप अपने एवं अधीनस्थ महाविद्यालयों के स्टाफ में से तीन सदस्यीय उड़नदस्ता दल का गठन कर विश्वविद्यालय को तत्काल सूचित करें। साथ ही उड़नदस्ता दल के द्वारा आपके जिले के परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिदिन किए गए निरीक्षणों का विस्तृत प्रतिवेदन विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग की ई-मेल आई.डी.**gwaliorjiwaji@gmail.com** पर अनिवार्य रूप से प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय द्वारा उड़नदस्ता दल एवं प्रयुक्त किए गए उड़नदस्ता दल के वाहन का व्यय एवं मानदेय का नियमानुसार भुगतान किया जावेगा।

परीक्षा अत्यावश्यक अधिनियम एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप पालनार्थ एवं सहयोग की अपेक्षा के साथ।

**कुलसचिव**

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्ष विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश।
2. अतिरिक्त संचालक, (उच्च शिक्षा), ग्वालियर-चम्बल संभाग कस्तूरबा चौराहा, कम्पू, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

**परीक्षा नियंत्रक**